| दिनांक 26.01.2022 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 28/2022 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा गणतन्त्र दिवस–2022 के अवसर पर किया गया ध्वजारोहण

श्री मुकुल गोयल, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत निर्गत गाइड लाइन्स के क्रम में आज दिनांक 26 जनवरी, 2022 को पुलिस मुख्यालय गोमती नगर विस्तार के प्रांगण में **गणतन्त्र दिवस** के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को शुभकामनायें देते हुए भारतीय गणतन्त्र दिवस के अवसर पर संकल्प दिलाया गया एवं मुख्यालय में नियुक्त निम्न पुलिस कार्मिकों को पदक से अलंकृत किया गया :–

'उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह'

1. श्री हरि नारायण मिश्र निरीक्षक,ना0पु0,उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय
2. श्री शिव सहाय चतुर्वेदी उप निरीक्षक,ना0पु0,मानवाधिकार प्रकोष्ठ,डीजीपी मुख्यालय
3. श्री अजय कुमार राय मुख्य आरक्षी चालक, विशेष जांच मुख्यालय

'सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह'

4. श्री श्रीराम पाण्डेय मुख्य आरक्षी ना0पु0, ई0ओ0डब्लू मुख्यालय

'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम)

5. श्री अविनाश सैनी प्रतिसार निरीक्षक 'द्वितीय',डीजीपी मुख्यालय
6. श्री अतुल श्रीवास्तव, निरीक्षक,कानून एवं व्यवस्था शाखा, डीजीपी मुख्यालय
7. श्री जितेन्द्र कुमार, आरक्षी चालक परिवहन शाखा, डीजीपी मुख्यालय

'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड)

8. श्री मिलाप सिंह उप निरीक्षक, शिकायत प्रकोष्ठ,डीजीपी मुख्यालय
9. श्री मुकेश कुमार आरक्षी, डीजीपी मुख्यालय

'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर)

10. श्री राज नारायण शुक्ला निरीक्षक, नियंत्रण कक्ष, डीजीपी मुख्यालय
11. श्री विनय कुमार श्रीवास्तव, उप निरीक्षक (लिपिक) स्थापना शाखा, डीजीपी मुख्यालय
12. श्री नवीन कुमार उप निरीक्षक (लिपिक),चुनाव प्रकोष्ठ, डीजीपी मुख्यालय
13. श्री अरविन्द कुमार, सहायक उप निरीक्षक (लिपिक), प्रशासन शाखा, डीजीपी मुख्यालय

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा उक्त अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा गया कि :–

आज 73वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर मैं आप सबको एवं प्रदेश के सभी पुलिसजनों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

26 जनवरी 1950 भारतीय इतिहास का गौरवशाली एवं अतिमहत्वपूर्ण दिन था। आज का दिन हमें **राष्ट्रगौरव एवं आत्माभिमान** की अनुभूति कराता है, आज ही के दिन भारत देश का संविधान अंगीकृत किया गया तथा देश को प्रभुत्व सम्पन्न लोकतान्त्रिक गणराज्य बनाने का संकल्प लिया गया।

गणतन्त्र दिवस–2022 के अवसर पर भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को वीरता के लिये **01** पदक, विशिष्ट सेवा के लिये **05** पदक एवं सराहनीय सेवा के लिये **73** पदक प्रदान कर हमें गौरवान्वित किया है।

मेरे द्वारा **50** पुलिस कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, **200** कार्मिकों को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, **513** कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह (Commendation Disc) प्रदान किया गया है।

उपरोक्त सभी पुलिस कार्मिको को मेरी ओर से हार्दिक बधाई। विगत वर्ष में सर्वव्यापी कोरोना महामारी सभी के लिये चुनौतीपूर्ण रही है। इस दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस जनता की सहायता के लिये सदैव तत्पर रही है। पुलिस कर्मियों द्वारा **कोरोना वॉरीयर्स** के रूप में अभूतपूर्व परिश्रम कर कोविड नियमों का पालन कराते हुये तत्परता एवं दृढ़ता का परिचय दिया गया, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हुई है।

विगत वर्ष में प्रदेश में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था कायम करने में पुलिस की सराहनीय भूमिका रही है। माफिया एवं गैंगस्टर के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गयी है।

प्रदेश की कानून एवं व्यवस्था को और सुदृढ बनाने के उद्देश्य से विगत वर्ष में कानपुर एवं वाराणसी में कमिश्नरेट व्यवस्था लागू किया गया है।

उ0प्र0 पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक थाने पर 'महिला हेल्प डेस्क', साइबर थानों में 'महिला साइबर सेल' स्थापित किये गये । महिला अपराध रोकथाम व जागरूकता हेतु गठित स्क्वाड, वीमेन पावर लाइन–1090 तथा यूपी–112 की सघन पेट्रोलिंग से महिला सुरक्षा हेतु एक सुरक्षित ईको सिस्टम तैयार किया गया है। इसके अतिरिक्त 03 महिला पी0ए0सी0 वाहिनियों की स्थापना की गयी है।

सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप आदि पर किये जाने वाले प्रत्येक भ्रामक/अफवाह सम्बन्धित पोस्टों की निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है तथा अफवाहों का खंडन कर विधिक कार्यवाही करायी जा रही है। इस हेतु यूपी पुलिस द्वारा वेरिफाइड टेलीग्राम चैनल भी लॉच किया गया है, जिसमें भ्रामक सूचनाओं के खंडन के साथ–साथ उ0प्र0 पुलिस के सराहनीय कार्यों का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

वर्तमान में साइबर अपराध नयी चुनौती के रूप में उभरा है, जिसकी रोकथाम हेतु साइबर क्राइम इन्फ्रास्ट्रक्चर को और सुदृढ करते हुए प्रत्येक थाने में प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की तैनाती करते हुये साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है। इसी के साथ नेशनल फाइनेंशियल साईबर क्राइम हेल्प लाइन को 112 से इन्टीग्रेट कर 24X7 सक्रिय किया गया है।

अपराध नियंत्रण एवं अन्वेषण को और वैज्ञानिक बनाने हेतु प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उ0प्र0 स्टेट इन्स्टीट्यूट आफ फॉरेन्सिक साइन्सेज का शिलान्यास किया गया है जिसमे एडवांस डी0एन0ए0 सेन्टर भी स्थापित किया जायेगा।

माह नवम्बर में उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय में मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार के नेतृत्व में 56वां अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन सकुशल सम्पन्न हुआ है। इस सम्मेलन के आयोजन में उ0प्र0पुलिस की भूमिका सराहनीय रही, जिसकी भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी।

विगत वर्ष स्थानीय निकाय निर्वाचन की प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न करायी गयी। विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 सात चरणों में सम्पन्न कराया जायेगा। इस दौरान कानून–व्यवस्था बनाये रखना बड़ी चुनौती है। चुनाव को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के साथ ही अतिविशिष्ट/विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षा एवं चुनाव आयोग के निर्देशों के क्रम में उनके कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराना तथा आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराना हमारी प्राथमिकता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उत्तर प्रदेश पुलिस सभी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है तथा भविष्य की सभी प्राथमिकताओं को पूर्ण करेगी।

आज इस पावन अवसर पर मैं यह भी स्मरण कराना चाहता हूँ कि हमारे अगणित देशभक्तों तथा अमर बलिदानियों ने जीवन भर संघर्ष करके जो स्वाधीनता हासिल की थी, उसकी रक्षा करते हुये आर्थिक–सामाजिक स्वाधीनता लाने का दायित्व नई पीढ़ी पर है। मैं अपेक्षा करता हूँ आप देश की एकता, अखंडता तथा सम्प्रभुता को अक्षुण्ण बनाये रखने में उपलब्ध संसाधनों एवं जनशक्ति का सदुपयोग करते हुये, जनता की सेवा करने में हमेशा अग्रणी रहेंगे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैं पुनः आप सभी को हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ और अपेक्षा करता हूँ कि कठिन परिश्रम, निष्ठा, ईमानदारी व उत्तम आचरण से अपनी बेहतर छवि को आम जनमानस में उज्जवल बनाये रखने की दिशा में निरन्तर अग्रसर रहेंगे तथा कोरोना महामारी के दृष्टिगत स्वयं को सुरक्षित रखते हुये अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे।

जय हिन्द!


पुलिस मुख्यालय
पुलिस मुख्यालय
गणतंत्र दिवस
2022




उत्तर प्रदेश पुलिस
2022



